## संपादकीय

# सुस्ती और सबक

वित्त वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में देश की आर्थिक विकास दर घटकर 5 फीसदी हो गई है, जो साढ़े छह वर्षों का निचला स्तर है। बीते वित्त वर्ष की इसी तिमाही के दौरान विकास दर 8 प्रतिशत थी, वहीं पिछले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में यह दर 5.8 प्रतिशत थी। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पिछले वित्त वर्ष की 12.1 फीसदी की तुलना में महज 0.6 फीसदी की दर से आगे बढ़ सका है जबकि ऐग्रिकल्चर और फिशिंग सेक्टर पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 5.1 फीसदी की तुलना में 2 फीसदी की दर से आगे बढ़े हैं। देश की अर्थव्यवस्था की गति पिछले तीन सालों से धीमी हो रही है। हालांकि कई विशेषज्ञ मानते हैं कि अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी जरूर है पर हालात चिंताजनक नहीं हैं।

हमारी इकॉनमी में सबसे बड़ा संकट 1991 में आया था, जब आयात के लिए देश का विदेशी मुद्रा भंडार घट कर 28 अरब डॉलर रह गया था। आज यह राशि 491 अरब डॉलर है। साल 2008-09 में जब वैश्विक मंदी आई थी तब भारतीय अर्थव्यवस्था 3.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी जो उसके पहले के वर्षों की तुलना में कम तो थी लेकिन भारत उस समय भी मंदी का शिकार नहीं हुआ था। वर्तमान स्थिति को भी मंदी नहीं कहा जा सकता। धीमे विकास का कारण दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं में आई सुस्ती है। भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ अच्छी बात है कि इसके फंडामेंटल्स मजबूत हैं। इसलिए इस बात की पूरी गुंजाइश है कि अगली तिमाहियों में रिकवरी हो जाए। वित्त मंत्री ने बीते हफ्ते कई कदमों की घोषणा की है जिसका सकारात्मक असर आने वाले समय में देखने को मिलेगा। निश्चय ही उनसे निवेशकों और ग्राहकों का मनोबल बढ़ेगा। जल्दी ही त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है जिससे मांग में इजाफा होने की उम्मीद है। पिछले कुछ समय से मॉनसून मेहरबान रहा है जिससे कृषि क्षेत्र में सुधार की पूरी आशा है। अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर का असर भारत पर भी पड़ा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने हाल में संकेत दिए हैं कि चीन के साथ बातचीत फिर शुरू हो सकती है। ट्रेड वॉर खत्म होने या उसमें नरमी आने से भारत को फायदा हो सकता है। बहरहाल, अर्थव्यवस्था की सुस्ती सरकार के लिए एक सबक है। उसे एक-एक सेक्टर को सामने रख स्थिति का आकलन करना चाहिए। कई क्षेत्रों को मामूली राहत देने से भी बात बन सकती है। जैसे निर्माण क्षेत्र में कई कार्य अधूरे पड़े हैं। कई परियोजनाएं अंतिम चरण में आकर ठिठक गई हैं। कहीं तकनीकी अड़चने हैं तो कहीं कानूनी। उन बाधाओं को दूर कर दिया जाए तो उनमें फिर से सक्रियता आ सकती है और कई लोगों को रोजगार मिल सकता है। अगर सरकार ने सही ढंग से कदम उठाए तो अर्थव्यवस्था में दिख रही यह सुस्ती जल्दी ही दूर हो सकती है।

# शूटिंग वर्ल्ड कप: अपूर्वी-दीपक को मिक्स्ड टीम एयर राइफल का गोल्ड



**रियो दि जेनेरियो।** भारतीय निशानेबाज अपूर्वी चंदेला और दीपक कुमार ने यहां जारी आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में सोमवार को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में चीनी जोड़ी यांग क्यान और यु हाओनान को 16-6 से मात देकर स्वर्ण पदक जीता। टूर्नामेंट में भारत का यह चौथा स्वर्ण पदक है। इस बीच, अंजुम मुद्गिल और दिव्यांश सिंह पंवार ने हंगरी के इस्तर मेसजारोस और पीटर सिदी की जोड़ी को 16-10 से हराकर कांस्य पदक जीता। अपूर्वी और दीपक ने एकतरफा फाइनल में चीन के यांग कियान और यू हाओआन को एकतरफा मुकाबले में 16-6 से हराया। चॉलिफाइंग की बाधा पार करने के बाद अपूर्वी और दीपक की जोड़ी आठ निशानेबाजों के दूसरे दौर में 20 व्यक्तिगत शाट के बाद 419.1 अंक के साथ शीर्ष पर रही और फाइनल में जगह बनाने में सफल रही।

चीन की जोड़ी ने 418.7 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। अंजुम और दिव्यांश की जोड़ी 418.0 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही और ब्रॉन्ज मेडल के मुकाबले के लिए चॉलिफाइ करने में सफल रही। ब्रॉन्ज मेडल के मुकाबले में अंजुम और दिव्यांश ने हंगरी के एस्टर मेसजारोस और पीटर सिडी को 16-10 से हराया।

हंगरी की जोड़ी चॉलिफिकेशन में 418 .6 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही थी। भारत के नाम अब चार स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल सात पदक हो गए हैं।

# दूसरा टेस्ट 257 रनों से जीता भारत, 2-0 से वेस्ट इंडीज का सफाया



**किंगस्टन।** भारत ने वेस्ट इंडीज को 257 रनों से मात देकर दूसरा टेस्ट भी अपने नाम कर लिया है। इस तरह से भारत ने यह सीरीज भी 2-0 से जीत ली है। दूसरी पारी में रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी ने सर्वाधिक तीन-तीन विकेट लिए। भारत के 468 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही वेस्ट इंडीज टीम कुल 210 रन बनाकर ही ढेर हो गई। पहली पारी में शानदार शतक जड़ने वाले युवा बल्लेबाज हनुमा विहारी मैन ऑफ द मैच चुने गए।

इससे पहले भारतीय टीम ने पहली पारी में हनुमा विहारी के शानदार शतक और इशांत शर्मा के पहले टेस्ट अर्धशतक की बदौलत 416 रन बनाए। इसके जवाब में वेस्ट इंडीज की टीम पहली पारी में सिर्फ 117 रन ही बना सकी।

तेज गर्मी और गेंदबाजों को हो रही परेशानी को देखते हुए कप्तान विराट कोहली ने फॉलोऑन न देकर दूसरी पारी में फिर बल्लेबाजी का निर्णय किया। दूसरी पारी में भारत ने अजिंक्य रहाणे के 64 और हनुमा विहारी के शानदार 53 रनों की बदौलत वेस्टइंडीज के सामने कुल 468 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

# आयकर विभाग अब नई पैन संख्या आवंटित करेगा

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग आधार नंबर का उपयोग कर रिटर्न दाखिल करने वाले करदाताओं को स्वतः स्थायी खाता संख्या (पैन) जारी कर देगा। यह दोनों डेटाबेस को जोड़ने की नई व्यवस्था का हिस्सा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की 30 अगस्त की अधिसूचना के अनुसार यदि कोई व्यक्ति आधार का उपयोग कर रिटर्न दाखिल करता है और उसके पास पैनसंख्या नहीं है तो यह मान लिया जाएगा कि उसने पैन जारी करने के लिए आवेदन कर दिया है।इसके बाद उसे कोई और दस्तावेज दाखिल करने की जरूरत नहीं होगी। यह नियम एक सितंबर से प्रभावी हो गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि कर विभाग पैन संख्या आवंटित करने के लिए 'आधार' से व्यक्ति की अन्य जनांकिक जानकारी जुटा लेगा। सीबीडीटी, आयकर विभाग के लिए नीति निर्धारण करने वाला शीर्ष निकाय है। सीबीडीटी के चेयरमैन पी. सी. मोदी ने जुलाई में एक साक्षात्कार में कहा था कि आयकर विभाग खुद से उस व्यक्ति को एक नई पैन संख्या आवंटित कर देगा, जो रिटर्न दाखिल करते समय आधार का उपयोग करेगा।

# मनु भाकर-सौरभ चौधरी की जोड़ी ने जीता सोना, 5 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज के साथ भारत रहा टॉप पर

## » शूटिंग वर्ल्ड कप

रियो डि जेनेरो ,03 सितंबर। भारत के स्टार शूटर्स मनु भाकर और सौरभ चौधरी की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड जीतकर शूटिंग वर्ल्ड कप में भारत के अभियान को शानदार अंजाम तक पहुंचाया। इसी इवेंट में भारत की यशस्विनी देसवाल और अभिषेक वर्मा की जोड़ी ने सिल्वर जीता। इस तरह टूर्नमेंट के आखिरी दिन भी भारत ने जबरदस्त छाप छोड़ी।

इससे पहले, टूर्नमेंट के आखिरी दिन 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में दुनिया की नंबर एक महिला शूटर अपूर्वी चंदेला और उनके जोड़ीदार दीपक कुमार ने भारत के लिए चौथा गोल्ड जीता था। जोड़ी ने मिक्स्ड एयर राइफल इवेंट में गोल्ड अपने नाम किया। अंजुम मुद्गिल और दिव्यांश सिंह पंवार ने हंगरी के इस्तर मेसजारोस और पीटर सिदी की जोड़ी को 16-10 से हराकर कांस्य पदक जीता।

भारत शूटिंग वर्ल्ड कप में 5 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज के साथ शीर्ष पर रहा। इस तरह भारत जूनियर वर्ल्ड कप समेत इस साल सभी चारों इंटरनैशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल वर्ल्ड कप स्टेज में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पर रहा। भारत इस साल आईएसएसएफ विश्व कप के चार चरण में 22 पदक जीत चुका है जिसमें 16 गोल्ड शामिल हैं।

# मोदी सरकार आईडीबीआई बैंक को उबारने के लिए 9296 करोड़ का बेलआउट पैकेज देगी




**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक को संकट से उबारने के लिए सरकार ने उसमें 9,296 करोड़ रुपये की पूंजी डालने का निर्णय लिया है. यह पूंजी सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा मिलकर दी जाएगी. कैबिनेट से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद मंगलवार को केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इसकी जानकारी दी.गौरतलब है कि बैंकिंग सेक्टर की हालत खराब है और सरकार इस पूरे सेक्टर पर गहराई से नजर रखे हुए है. सरकार को हाल में रिजर्व बैंक ने 1.76 लाख करोड़ रुपये देने का फैसला किया था, जिसके बाद ही इस बात की संभावना मजबूत हो गई थी कि सरकार परेशान चल रहे बैंकों की मदद करेगी.वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कुछ दिनों पहले ही कहा है कि सार्वजनिक बैंकों के रीकैपिटलाइजेशन यानी नए सिरे से पूंजी डालने के लिए 70,000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे. योजना के अनुसार आईडीबीआई बैंक को सरकार 4,553 करोड़ रुपये और एलआईसी 4,743 करोड़ रुपये देगी. पिछले साल ही एलआईसी ने आईडीबीआई मे 51 फीसदी की हिस्सेदारी ली है और इसमें सरकार की 49 फीसदी हिस्सेदारी है.

# रेलवे फिर शुरू कर रहा रामायण एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे की तरफ से एक बार फिर से श्री रामायण एक्सप्रेस को शुरू करने की घोषणा की गई है. भगवान राम के जीवन से जुड़े अहम स्थलों से होकर गुजरने वाली इस ट्रेन को शुरू करने की मांग श्रद्धालुओं की तरफ से पिछले काफी समय से की जा रही थी. पहले की ही तरह ट्रेन से यात्रियों को भगवान राम के जीवन से जुड़े पौराणिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे. इसमें फ्लाइट के जरिये श्रीलंका जाने का विकल्प भी मिलेगा. इस बार रेलवे की तरफ से इस ट्रेन का सफर 3 नवंबर से शुरू होगा.

आपको बता दें साल 2018 में चलाई गई रामायण एक्सप्रेस की सफलता को देखकर रेलवे ने इस ट्रेन को एक बार फिर से चलाने का निर्णय लिया है. इस बार यात्रियों के लिए दो टूर पैकेज मुहैया कराए जा रहे हैं. पहले की ही तरह इस पूरे टूर को इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन की तरफ से मैनेज किया जा रहा है. यह आईआरसीटीसी के भारत दर्शन पैकेज का हिस्सा होगी.

पहली ट्रेन का नाम 'श्री रामायण यात्रा' होगा, जो कि 3 नवंबर को जयपुर से चलेगी और दिल्ली होते हुए अयोध्या पहुंचेगी. वहीं दूसरी ट्रेन 'रामायण एक्सप्रेस' 18 नवंबर को इंदौर से शुरू होकर वाराणसी होते हुए अयोध्या पहुंचेगी. श्री रामायण यात्रा जयपुर से शुरू होगी और यह अलवर, रेवाड़ी, दिल्ली सफदरजंग, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली और लखनऊ से होकर गुजरेगी.

# विहारी की बल्लेबाजी के समय ड्रेसिंग रूप रहता है सहज: कोहली



**किंगसटन (जमैका)।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने शानदार प्रदर्शन करने वाले हनुमा विहारी की तारीफ करते हुए कहा कि वह जब बल्लेबाजी करते हैं तो ड्रेसिंग रूम में सुकून का माहौल रहता है। पहली पारी में 111 और दूसरी पारी में नाबाद 53 रन बनाने वाले विहारी के बारे में कोहली ने कहा, वह आत्मविश्वास से भरे नजर आते हैं और जब वह बल्लेबाजी कर रहा होते हैं तो ड्रेसिंग रूप में धैर्य दिखता है। वह हमेशा अपने खेल और गलतियों में सुधार के लिए तैयार रहते हैं।

वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट में 257 रन की जीत के बाद स्वीकार किया कि कुछ सत्र में भारतीय टीम दबाव में थी लेकिन अच्छा क्रिकेट खेलकर आसान जीत दर्ज करने में सफल रही। भारत के 468 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्ट इंडीज की टीम 210 रन पर ढेर हो गई। भारत की ओर से रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी ने तीन-तीन जबकि इशांत शर्मा ने दो विकेट हासिल किए। जसप्रीत बुमराह को एक विकेट मिला।

कोहली ने सीरीज में 2-0 से क्लीनस्वीप करने के बाद कहा, एक बार फिर आसान जीत। हमने अच्छा क्रिकेट खेला और उस तरह के नतीजे हासिल किए जो एक टीम के रूप में महत्वपूर्ण हैं। कुछ सत्र में हम दबाव में थे। बल्लेबाजी करते हुए कुछ समय मुश्किल स्थिति में थे लेकिन लड़कों ने शानदार प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा, हनुमा ने शानदार बल्लेबाजी की, अजिंक्य दूसरी पारी में अच्छा खेला, मयंक पहली पारी में अच्छा खेला, इशांत का अर्धशतक- यह जज्बे से भरी पारी थी। सतह को देखते हुए विहारी की पारी विश्व स्तरीय थी।

भारत का सबसे सफल टेस्ट कप्तान बनने पर कोहली ने कहा, सबसे सफल टेस्ट कप्तान बनना हमारी टीम के कारण है। हमारे गेंदबाज शानदार हैं। शमी बेहतरीन है, इशांत जज्बे के साथ गेंदबाजी करता है। जडेजा लंबे स्पैल फेंक रहा है।

# आज का राशिफल

मेषः- आज न चाहते हुए भी आपको कुछ ऐसा काम करना पड़ सकता है, जो दूसरों के लिए असुविधाजनक हो। घर के सदस्य या फिर संतान के व्यवहार से आप दुखी रहेंगे।

वृषभः- पिता के आशीर्वाद तथा अधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें।

मिथुनः- आपने जिस प्रकार की पृष्ठभूमि लोगों के बीच बनाई है उसके बल पर आज का दिन आपके लिए अच्छा व्यतीत होगा। लोगों की सद्भावनाएं भी जागृत रहेंगी।

कर्कः- आज सुबह से ही कुछ प्रतिकूल समय आपके लिए चल रहा है। हो सकता है आज ही आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्या भी हो। दिन के पहले हिस्से में डॉक्टर आदि से मिलना बेहतर रहेगा उसके बाद आप अपने रूटीन काम करें।

सिंहः- इन दिनों आपका सबकुछ ठीक ठीक ही चल रहा है। कारोबार की स्थिति भी सुधरती जा रही है। किसी बड़े अधिकारी के वरदहस्त होने से नौकरी में भी आपकी स्थिति मजबूत है।

कन्याः- किसी किसी समय आप जब अच्छे मूड में रहते है तो अपने चहेतों का भला करने में पीछे नहीं रहते हैं। इसका लाभ वे चापलूस भी उठा लेते हैं जो वास्तव में पीछे जाकर आपकी बुराई करते हैं।

तुलाः- किसी परीक्षा प्रतियोगिता के लिए आपको तैयार रहना है, अगर आप अपने व्यवसाय या कारोबार से संबंधित कोई रिसर्च या लिखा पढ़ी करना चाहते हैं तो दिन के समय कही कर डालें।

वृश्चिकः- कभी कभी कोई काम आपकी सोच के विपरीत हो जाते हैं। जिस व्यक्ति को आप सज्जन समझते हैं वहीं धोखा दे जाता है। कुछ ऐसी ही घटना आज भी होगी।

धनुः- कई दिनों से आप किसी छोटे मोटे काम के बिगड़ जाने से आश्चर्य चकित हैं। हो सकता है आज आपके इस काम में सुधार हो जाए।

मकरः- आज का दिन कुछ जानकारीपूर्ण और आपकी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने वाला होगा। अच्छे गणमान्यजनों से मेल मुलाकात होगी और किसी बड़े लाभ की आशा में दिन सार्थक नजर आएगा।

कुंभः- इस समय अपने कार्यक्षेत्र में आने जाने और सभी कार्यों को समय पर निबटाने का दौर चल रहा है। इस बीच कुछ अपने ही लोग आपकी चिन्ता भी बढ़ा सकते हैं।

मीनः- आज आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं चलेगा। दिन के पहल हिस्से में बहुत सारे काम एक साथ आपके सामने लटके रहेंगे।

# घर पर बेहद आसान तरीके से बनाएं ऑलिव सैलेड



## ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल डिश की ड्रेसिंग या किसी भी डिश को पकाने के लिए किया जाता है, लेकिन क्या इससे आपने कभी सैलेड बनाया है? ऐसे करें इसे तैयार

### सामग्री :

200 ग्राम काले व हरे ऑलिव्स, 2 नींबू के छिलके, 2 पतली स्लाइसेज़ में कटे नींबू, 2 तेज़ पत्ता, 1 कप ऑलिव ऑयल, 1.5 टीस्पून सौंफ, 1 टेबलस्पून काली मिर्च पाउडर या ऑरेगेनो, नमक, कुछ पुदीना

### विधि :

ऑलिव्स को अच्छी तरह धोकर साफ करें। किसी कपड़े पर फैला दें और पानी सूखने दें।

सॉसपैन में सौंफ डालकर तीन मिनट तक भूनें। अब इसमें नींबू के छिलके व स्लाइसेज़ में कटा नींबू डालें। अब तेज़ पत्ता तोड़कर डालें।


इसमें अब ऑलिव्स डालकर चलाएं। ऑलिव ऑयल और ऑरेगेनो डालें। इसे तीन मिनट तक धीमी आंच पर पकने दें। ऊपर से नमक डालकर दोबारा मिलाएं।

ऑलिव सैलेड को बोल में निकालें। ध्यान रखें, इसे हलका गर्म ही सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य- 75

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



## शब्द सामर्थ्य क्रमांक 74 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| व | धा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | वं | ■ | व |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| धा | ■ | चे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| व | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

# सू-दोकू- 75

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक ए सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.74 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |